Health & Wealth
We Manage Both

alankit LIMITED

24th May 2024

**BSE Limited**
P. J. Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400001

**The National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, 5th Floor,
C-1, Block G, Bandra – Kurla Complex,
Bandra (E),
Mumbai – 400051

**Scrip Code: 531082**

**Symbol : ALANKIT**

Dear Sir/Ma'am,

**Sub: SUBMISSION OF NEWSPAPER ADVERTISEMENT FOR PUBLICATION OF AUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS OF THE COMPANY FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2024**

Pursuant to Regulation 30 and Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('Listing Regulations'), read together with Part A of Schedule III thereto, please find enclosed herewith, a copy of the newspaper advertisement for publication of Audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the quarter and year ended 31st March, 2024, published by way of advertisements on 24th May, 2024, in:

1. **Financial Express in English; and**
2. **Haribhoomi in Hindi.**

This is for your information and records.

Thanking you.

Yours faithfully,

**For ALANKIT LIMITED**

**MANISHA SHARMA**
**COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER**
**M.NO. A58430**

**Enclosures: As stated above**

CIN : L74900DL1989PLC036860
**Registered Office :** 205-208, Anarkali Complex, Jhandewalan Extension, New Delhi -110055, India
**Corporate Office :** Alankit House, 4E/2, Jhandewalan Extension, New Delhi -110055, India
**Phone :** +91-11-4254 1234 / 2354 1234 I **Fax :** +91-11-2355 2001 I **Website :** www.alankit.in I **email :** info@alankit.com, investor@alankit.com

Listed on the National Stock Exchange (NSE) and the Bombay Stock Exchange (BSE)

# चुनाव से पहले पुलिस ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव से दो दिन पहले दिल्ली पुलिस के अफसर सड़कों पर उतरे और फ्लैग मार्च किया। संवेदनशील इलाकों में खासतौर पर मतदान केंद्रों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अफसरों ने जनता से बातचीत भी की। स्पेशल सीपी लॉ एंड आर्डर जोन 2, मधुप तिवारी के नेतृत्व में साउथ रेंज के ज्वाइंट सीपी संजय कुमार जैन, डीसीपी साउथ ईस्ट राजेश देव और डीसीपी साउथ अंकित चौहान के साथ अन्य मातहत पुलिसकर्मियों ने जामिया नगर, शाहीन बाग, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, अंबेडकर नगर, संगम विहार, मालवीय नगर, तिगड़ी आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। बुधवार और गुरुवार को इस पैदल मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मतदान परिसरों का भी दौरा किया और वहां पर सुरक्षा व्यवस्था के हालात का आकलन किया। पुलिस ने लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें यह विश्वास दिलाने का प्रयास भी किया कि वे बिना किसी डर या पक्षपात के वोट डालें और खुद को सुरक्षित महसूस करें। स्पेशल सीपी मधुप तिवारी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सभी मतदाताओं के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण बनाना है। फ्लैग मार्च और क्षेत्र का वर्चस्व किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और निवासियों के बीच विश्वास बनाने की हमारी व्यापक रणनीति का हिस्सा है। वहीं ज्वाइंट सीपी संजय कुमार जैन ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे पूरे विश्वास के साथ मतदान करें। शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न हो इसे लेकर पुलिस दिन रात मेहनत कर रही है। पुलिस अफसरों ने लोगों से कहा वे अपने क्षेत्र में किसी भी चुनावी प्रलोभन या किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 नंबर पर पीसीआर को दें।

■ मतदान परिसरों पर जाकर देखी सुरक्षा व्यवस्था

## आरोपी महिला पुलिस से बचने को 20 फीट गहरे गढ्ढे में छिप गई थी

# हत्या और हत्या की कोशिश के मामले में फरार दो आरोपी बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जामा मस्जिद इलाके में हत्या और हत्या की कोशिश के एक पुराने मामले में वांछित दो भगौड़े अपराधियों को क्राइम ब्रांच ने अरेस्ट किया है। आरोपी मोहम्मद कातिल 10 मामलों में शामिल पाया गया है। वहीं दूसरी आरोपी महिला का नाम अफसाना उर्फ नर्स (40) है। वह मूलरुप से अररिया बिहार की रहने वाली है। दोनों छह साल से फरार थे। बताया जाता है कि पुलिस जब आरोपी महिला को पकड़ने पहुंची तो वह बचने को 20 फीट गहरे गढ्ढे में छिप गई थी। इसके बाद दमकल कर्मियों की मदद से उसे बाहर निकाला गया।

पुलिस के मुताबिक 8 दिसंबर 2018 को इरशाद, उसकी पत्नी अफसाना उर्फ नर्स, कातिल, उसकी पत्नी अफसाना बेगम और कुछ अन्य लोगों ने मीना बाजार जामा, मस्जिद में दुकान की जगह को लेकर एक शख्स से झगड़े में सिर पर वार कर दिया था। मामले में इन चारों लोगों समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। कुछ दिनों बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता को धमकी दी कि वह मामला वापस ले अन्यथा उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। 20 दिसंबर की रात लगभग 10 बजे जब पीड़ति अपने घर जा रहा था तो इरशाद, हिटलर, भूरा तथा इरशाद की पत्नी अफसाना ने उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस दौरान सोनू नाम के शख्स पर भी चाकू से हमला किया गया था। बाद में सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस वारदात के बाद आरोपी हिटलर और भूरा को अरेस्ट कर लिया गया था, जबकि इरशाद और अफसना फरार थे। इन दोनों को कोर्ट ने अगले साल भगौड़ा घोषित कर दिया था। हाल ही में बचे दोनों आरोपियों के बारे में इनपूट मिलने के बाद एक टीम बिहार भेजी गई थी। पुलसि ने पहले मोहम्मद कातिल को पकड़ा। उसने पूछताछ में मोहम्मद इरशाद और उसकी पत्नी अफसाना के बारे में जानकारी दी। पुलिस इनकी तलाश में जब घर में घुसी तो महिला करीब 20 फीट गहरे टॉयलेट के लिए बने गढ्ढे में छिपी गई। वह बाहर नहीं निकल रही थी, इसलिए दमकल कर्मियों को मौके पर बुलाकर उसे बाहर निकाला गया।

■ दमकल कर्मियों की मदद से महिला को निकाला गया बाहर

# वकील अश्वनी दुबे की पुस्तक 'एंड ऑफ कॉलोनियम लॉज- फ्राम विजन टू एक्शन' का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्वनी दुबे की पुस्तक 'एंड ऑफ कॉलोनियम लॉज- फ्राम विजन टू एक्शन' का लोकार्पण कार्यक्रम नई दिल्ली के मंडी हॉउस स्थित साहित्य अकादमी सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के जज जस्टिस सुधीर अग्रवाल ने कहा कि इस पुस्तक के आने के बाद नए कानूनों का समझना बहुत आसान है। देश की विभिन्न अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। कई उच्च न्यायालयों में 50 वर्षों से ज्यादा मामले लंबित पड़े हैं। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया में नए कानूनों से तेजी आएगी। इस बात को अश्वनी दुबे ने पुस्तक में गंभीरता से उठाया है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस नवीन सिन्हा ने कहा कि अश्वनी दुबे की पुस्तक कानूनविदों के साथ-साथ कानून की पढ़ाई करने वालों के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि कानूनों के सरल होने से लोगों को जल्दी न्याय मिलेगा और न्याय पालिका मजबूत होगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अंग्रेजों के कालू कानूनों को समाप्त करते हुए तीन नये कानून लागू करके लोगों को जल्दी और आसान न्याय दिलाने की व्यवस्था लागू की है।

वरिष्ठ पत्रकार और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष आलोक मेहता ने कहा कि यह पुस्तक नए कानूनों की जानकारी देने के साथ ही भारत की प्राचीन न्याय व्यवस्था के बारे प्रमाणिक जानकारी देती है।

वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश खन्ना,बेनेट यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ प्रदीप कुलश्रेष्ठ तथा सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव रोहित पांडेय ने भी विचार व्यक्त किए।

## शख्स ने अपने ही घर में आग लगा दी जान , संगम विहार इलाके की घटना

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के संगम विहार इलाके में एक शख्स ने अपने ही घर में आग लगा जान दे दी। घटना को अंजाम देने से पहले उसने पत्नी को कुछ सामान लेने दुकान पर भेज दिया था। देर रात हुई इस घटना की सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की दो गाडियां पहुंची, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया है। पुलिस के अनुसार देर रात करीब साढ़े 12 बजे गली नंबर 12, बुध बाजार, संगम विहार से पीसीआर कॉल मिली। बताया गया कि एक आदमी ने घर में आग लगा ली है। सिलेंडर फट गया है। पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। चैकिंग के दौरान घर के अंदर से एक व्यक्ति की लाश मिली। मृतक का नाम लईक अहमद (50) पता चला। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि मृतक शराबी और मानसिक रुप से विक्षिप्त था। उसे उपद्रव मचाने की आदत थी। इसका इकलौता बेटा नोएडा में नौकरी करता है। घटना से पहले इस शख्स ने पत्नी को गुटखा लेने के लिए बाहर भेज दिया था, जिसके बाद उसने दरवाजा बंद कर कमरे में आग लगा दी। जब उसकी पत्नी वापस आई तो घर में आग लगी हुई थी। क्राइम टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

# हरियाणा से पानी रोकने का आरोप झूठा और दिल्ली के लोगों के साथ है धोखा : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की जल मंत्री आतिशी मार्लेना का यह बयान कि दिल्ली में पानी की कमी उत्पन्न करने के लिए जानबूझकर हरियाणा से पानी रोका जा रहा है, एक सफेद झूठ है और दिल्ली के लोगों के साथ धोखा है तो हरियाणा के लोगों का अपमान है। यह बातें गुरुवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रैसवार्ता में कहीं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में पिछले आठ दिनों में अपनी स्थापित जल उत्पादन क्षमता 956 एमजीडी से कहीं अधिक पानी का उत्पादन कर रही है। 14 मई 2024 से 21 मई 2024 तक का आंकड़ा क्रमशः 989.8, 999.04, 1001.03, 998.02, 991.63, 990.99, 997.79 और 981.89 एमजीडी है। सचदेवा ने कहा कि इसके अलावा, डीजेबी के पास उपलब्ध आंकड़ों से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि वज़ीराबाद में, जहां नदी दिल्ली में प्रवेश करती है, यमुना का जलस्तर विगत वर्षों के मई के जलस्तर की तुलना में दैनिक आधार पर कहीं बेहतर था। यह विशेष रूप से मई 2021 और मई, 2022 के दौरान प्रत्येक तिथि की तुलना में 15 से 21 मई, 2024 की तारीखों के बीच है।

सचदेवा ने कहा कि इस चिलचिलाती गर्मी के बीच दिल्ली के लोगों को जिस भीषण पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, वह पूरी तरह से आम आदमी पार्टी सरकार की अयोग्यता, अक्षमता और तैयारी की कमी के कारण है। विशेष रूप से इसके मुख्यमंत्री, अरविंद केजरीवाल और जल मंत्री, आतिशी मार्लेना जिम्मेदार है। सचदेवा ने कहा गर्मियों में जल संकट से निपटने के लिए ग्रीष्मकालीन कार्य योजना को अप्रैल के अंत तक अंतिम रूप दिया जाता है जब तापमान बढ़ना शुरू हो जाता है। इस ग्रीष्मकालीन कार्य योजना में अत्यावश्यकताओं को ध्यान में रखने और अग्रिम आपूर्ति की व्यवस्था करने के अलावा, दिल्ली में पानी के वितरण का सूक्ष्म विवरण भी दिया गया है। हालांकि, मुख्यमंत्री और उनकी अयोग्य जल मंत्री दिल्ली के लोगों की चिंताओं के लिए समय नहीं होने के कारण राजनीति में व्यस्त हैं। केजरीवाल सरकार ने ना तो जल चोरी रोकने पर ध्यान दिया है और न सप्लाई लौस रोकने पर और ही समर एक्शन प्लान लाई है। जहां तक हरियाणा से पानी की आपूर्ति का सवाल है, गर्मी के कारण ऊपरी प्रवाह में यमुना नदी के स्तर में कमी के बावजूद, आवंटित 548 एमजीडी में से केवल 20-50 एमजीडी की कमी हुई है। हालांकि, इस कमी को भी जल बोर्ड द्वारा 14 मई 2024 को 158 एमजीडी से 21 मई 2024 को 248 एमजीडी तक सीधे यमुना से पानी उठाकर पूरी तरह से पूरा कर दिया गया है, बावजूद इसके कि उठाने के लिए ऐसा कोई आवंटित प्रावधान नहीं है। साथ ही दिल्ली सरकार ने फरीदाबाद के लिए डाउनस्ट्रीम आपूर्ति कम कर दी। सचदेवा ने कहा कि वज़ीराबाद जल उपचार संयंत्र, जिसकी उत्पादन क्षमता 131 एमजीडी है, 113.48 एमजीडी की क्षमता से नीचे काम कर रहा है, केवल इसलिए क्योंकि वज़ीराबाद बैराज से पहले इसके तालाब क्षेत्र में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बैराज के पीछे के तालाब से गाद निकालना, जो कि 2013 तक एक वार्षिक कार्य था, पिछले 11 वर्षों से नहीं किया गया है और तालाब जलाशय की क्षमता 90 फीसदी से अधिक कम हो गई है। सचदेवा ने कहा कि बेहतर होगा की अरविंद केजरीवाल और आतिशी दिल्ली के लोगों को बेवकूफ बनाना बंद करें और इन अभूतपूर्व गर्मी की स्थिति में उन्हें पानी उपलब्ध कराने पर काम करें। उन्होंने कहा कि डीजेबी के पास आज भी 981.89 एमजीडी पानी उपलब्ध है और बस इसे ग्रीष्मकालीन कार्य योजना के अनुसार योजनाबद्ध तरीके से दिल्ली के लोगों को वितरित करने की आवश्यकता है।

■ जल आपूर्ति संकट के लिए सीएम केजरीवाल और जल मंत्री आतिशी जिम्मेदार

## दिल्ली हाईकोर्ट ने दवाओं की अनुपलब्धता से संबंधित जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजन बाबू फेफड़े एवं क्षय रोग संस्थान में दवाओं की कथित अनुपलब्धता से संबंधित एक जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी है। अदालत को सूचित किया गया है कि शहर में मौजूदा भंडार कुछ सप्ताह तक चलेगा और शेष आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद अदालत ने याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी। केंद्र सरकार और दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक ने अदालत में हलफनामा दायर किया जिसमें दिल्ली के भंडारण गृहों में दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ उनकी आपूर्ति का विवरण दिया गया है। इस साल की शुरुआत में दायर अपनी जनहित याचिका में एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' ने आरोप लगाया था कि अस्पताल में एकमात्र अल्ट्रासाउंड मशीन काम नहीं कर रही है और पिछले छह महीनों से आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अशोक अग्रवाल ने दलील दी थी कि गरीब मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने 21 मई को मामले में पारित अपने आदेश में कहा, ट्टइस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 4 एफडीसी (ए) दवा का भंडार एक महीने के लिए पर्याप्त है और 3 एफडीसी (ए) दवा का भंडार तीन सप्ताह के लिए पर्याप्त है और बाकी आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है, वर्तमान याचिका निस्तारित की जाती है।'' केंद्र ने पहले अदालत को आश्वासन दिया था कि टीबी रोधी दवाओं की आपूर्ति में तेजी लाने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जमीनी स्तर पर रोगी की देखभाल प्रभावित न हो।

## लेडी श्रीराम और वेंकटेश्वर कॉलेज को मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली।** एक दिन पहले गृह मंत्रालय को बम से उड़ाने की धमकी के बाद गुरुवार को साउथ दिल्ली के दो प्रतिष्ठित कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पुलिस और दमकल कर्मियों ने बम निरोधक दस्तों के साथ कॉलेजों में गहन तलाशी अभियान चलाया। कई घंटे चले इस अभियान के बाद कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद पुलिस का इस बार भी मानना है कि यह किसी की शरारत है।

पुलिस के मुताबिक राजधानी के दो नामी कॉलेज लेडी श्रीराम और वेंकटेश्वर कॉलेज में बम होने की जानकारी मिली थी। गुरुवार शाम को सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल कर्मी, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्कवॉयड की टीम मौके पर पहुंची। दोनों कॉलेजों में गहन छानबीन की गई, लेकिन वहां कोई भी आपत्तिजनक चीज नहीं मिली। बताया गया है कि इस बार धमकी ईमेल के जरिए नहीं बल्कि फोन कॉल के जरिये दी गई थी। हालांकि शुरुआती जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने इन कॉल को फर्जी करार दिया। अब पुलिस धमकी देने वाले के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। गौरतलब है कि बुधवार को ही गृह मंत्रालय की बिल्डिंग को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इससे पहले बीते कुछ दिनों के भीतर स्कूल, अस्पताल, एयरपोर्ट, सरकारी बिल्डिंग, तिहाड़ जेल समेत अन्य जगहों पर भी बम की सूचनाएं ईमेल के जरिए मिल चुकी हैं। किसी भी मामले में पुलिस धमकी देने वाले तक नहीं पहुंच सकी है।


# हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

## सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य परीक्षा-2023-24

## घोषणा

विभिन्न समाचार-पत्रों में 01.01.2024 को प्रकाशित विज्ञापन सं. 01/2021 के प्रत्युत्तर में, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य परीक्षा-2023-24 के पदों के लिए क्वालीफाइड घोषित किए गए उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि उपरोक्त पद के लिए मुख्य परीक्षा 12.07.2024 से 14.07.2024 तक पंचकूला में नीचे वर्णित डेट शीट-सह-समय सारणी के अनुरूप आयोजित की जाएगी :-

| क्र.सं. | पेपर का नाम | तिथि और दिन | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | सिविल लॉ-I | 12.07.2024 (शुक्रवार) | अप. 02.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक |
| 2. | सिविल लॉ-II | 13.07.2024 (शनिवार) | पूर्वा. 09.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक |
| 3. | अंग्रेजी | 13.07.2024 (शनिवार) | अप. 02.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक |
| 4. | क्रिमिनल लॉ | 14.07.2024 (रविवार) | पूर्वा. 09.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक |
| 5. | भाषा (हिन्दी) | 14.07.2024 (रविवार) | अप. 02.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक |

मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र 10.06.2024 से आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध होंगे। उम्मीदवारों को ए-4 साइज पेपर पर प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें।

अलग से कोई प्रवेश-पत्र आयोग द्वारा डाक / कोरियर के माध्यम से नहीं भेजे जाएंगे।

यह घोषणा आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 22.05.2024
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/253/2025/26388/88/7 दि. 23.05.24


# एबीवीपी तथा खेलों भारत ने किया रन फॉर मतदान मैराथन का आयोजन



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) तथा खेलों भारत के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को दो अलग-अलग कार्यक्रमों दिल्ली के जहांगीरपुरी में तथा दिल्ली विश्वविद्यालय में रन फॉर मतदान मैराथन का आयोजन किया। जहांगीरपुरी में आयोजित मैराथन में हजार की संख्या में छात्रों ने भाग लिया तो वहीं दूसरे कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर पटेल चेस्ट, रामजस महाविद्यालय और विधि संकाय के होते हुए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर पूर्ण हुए मैराथन में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस मैराथन में प्रथम स्थान पर गौरव दूसरे स्थान पर आनंद प्रकाश एवं तृतीय स्थान पर लव कुश विजेता रहे जिन्हें आयोजकों द्वारा पारितोषिक तथा स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। खेलो भारत तथा एबीवीपी द्वारा आयोजित इस मैराथन में मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी तथा हरियाणा स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति अशोक कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर खेलो भारत के अखिल भारतीय प्रमुख प्रदीप शेखावत सहित एबीवीपी दिल्ली के प्रांत संगठन मंत्री राम कुमार एवं खेलो भारत के प्रांत संयोजक शुभांकर उपस्थित रहे। प्रदीप शेखावत ने कहा कि चुनाव किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र की ताकत एवं पहचान होते हैं।

## एलजी ने दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं बताया अहिंसा, ज्ञान, करुणा का प्रेरणादायक

**नई दिल्ली।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुभकामनाएं दी है। सक्सेना ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भगवान बुद्ध की फोटो पोस्ट करते हुए संदेश लिखा है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा है कि बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध तथागत को कोटिशः नमन एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने लिखा कि समता प्रवर्तक नारायण अवतार बुद्ध के संदेशों में संपूर्ण मानव जाति के उत्थान, शांति और मुक्ति का मार्ग निहित है जो हम सभी को अहिंसा, ज्ञान, करुणा और निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है।


# अलंकित लिमिटेड

CIN: L74900DL1989PLC036860

पंजीकृत कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 31.03.2024 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.2023 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.12.2023 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2023 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.2024 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.2023 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.12.2023 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2023 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 5,434.94 | 2,543.85 | 4,757.46 | 12,928.72 | 10,993.46 | 9,232.11 | 5,836.95 | 15,026.34 | 24,754.62 | 32,177.44 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण मदों से पूर्व) | 1,032.30 | 204.96 | 887.56 | 1,841.84 | 1,608.44 | 987.95 | 687.88 | 773.83 | 2,696.16 | 1,173.78 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 1,032.30 | 204.96 | 887.56 | 1,841.84 | (850.78) | 987.95 | 687.88 | 773.83 | 2,696.16 | (3,835.44) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 718.49 | 409.73 | 622.82 | 1,547.28 | (418.92) | 646.76 | 811.70 | 560.67 | 2,198.03 | (3,512.67) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 706.07 | 429.27 | 654.79 | 1,593.48 | (340.76) | 619.96 | 835.70 | 617.47 | 2,243.22 | (3,416.70) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 2,711.58 | 2,245.58 | 2,245.58 | 2,711.58 | 2,245.58 | 2,711.58 | 2,245.58 | 2,245.58 | 2,711.58 | 2,245.58 |
| 7 | रिजवर्स (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | | | | 27,838.76 | 17,391.26 | | | | 24,909.46 | 13,854.86 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) 1. बेसिक | 0.26 | 0.18 | 0.38 | 0.69 | (0.26) | 0.29 | 0.36 | 0.29 | 0.96 | (2.07) |
| | 2. डायल्युटेड | 0.26 | 0.18 | 0.38 | 0.69 | (0.26) | 0.29 | 0.36 | 0.29 | 0.96 | (2.07) |

टिप्पणी :

1. उपरोक्त 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष हेतु कम्पनी के स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 23 मई 2024 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए हैं। सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत ऑडिट असंशोधित मत सहित वैधानिक अंकेक्षक द्वारा पूर्ण कर ली गई।
2. कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानकों (IND AS) के अनुसार तैयार किए गए हैं।

कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/-
अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक

दिनांक : 23.05.2024
स्थान : नई दिल्ली